आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी और तारीख सहित
2	3

न्यायालय अन्तर्गत अनुमंडल पदाधिकारी,राजमहल।
पी0ए0 वाद सं0–09/2017–18
आवेदिका– होपनमय हेम्ब्रम
बनाम
16 आना रैयत, मौजा–बासंकोला
आदेश

22.6.18 प्रस्तुत पी0ए0 वाद सं0–09/17–18 आवेदिका द्वारा दाखिल आवेदन पत्र से संतुष्ट होकर वाद की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए मौजा बासंकोला के 16 आने रैयतों को विधिवत नोटिस निर्गत कर आपत्ति आमंत्रित की गयी, एवं अंचल अधिकारी, तालझारी से जाँच प्रतिवेदन की मांग की गई।

नोटिश तामिला प्रतिवेदन प्राप्त हुआ। मौजा– बांसकोला के 16 आने रैयतों के द्वारा किसी भी प्रकार की आपत्ति दर्ज नहीं की गयी।

आवेदिक के विद्वान अधिवक्ता को सुना। उनके द्वारा बताया गया कि मौजा बासंकोला के पूर्व प्रधान स्व0 दासो मरांडी थे, जो मेरे पति थे। उनकी मृत्यु हो जाने के पश्चात् उक्त मौजा के कार्यवाहक प्रधान के रूप में मैं स्वयं कार्य कर रही हूँ एवं मौजा का प्रधानी पद रिक्त है। उनके द्वारा मौजा– बासंकोला के रिक्त प्रधान पद पर नियुक्ति हेतु अनुरोध किया है।

अंचल अधिकारी तालझारी ने पत्रांक 195/रा0 दिनांक 15.05.2018 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन में प्राप्त। जाँच प्रतिवेदन में उल्लेख किया है कि आवेदिका पूर्व प्रधान स्व0 दासे मरांडी की पत्नी है। पूर्व प्रधान स्व0 दासो मरांडी के मरणोपरान्त उनका पत्नी होपनमय हेम्ब्रम उक्त मौजा का कार्यवाहक प्रधान के रूप में स्वयं कार्य कर रही हैं तथा इनके द्वारा मौजा का लगान जमा किया जाता है। अंचल अधिकारी, तालझारी के द्वारा आवेदिका होपनमय हेम्ब्रम पति स्व0 दासो मरांडी, सा0– बासंकोला, पो0– सकरीगली थाना–तालझारी जिला साहेबगज, को मौजा– बासंकोला के प्रधान पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गयी है।

अतएव अंचल अधिकारी, तालझारी की अनुशंसा एवं 16 आने रैयतों के आपत्ति के अभाव में आवेदिका होपनमय हेम्ब्रम पति स्व0 दासो मरांडी, सा0– बासंकोला, पो0– सकरीगली थाना–तालझारी जिला साहेबगज, को संथाल परगना काश्त कारी अधिनियम 1949 की धारा 6 के तहत् मौजा– बांसकोला के रिक्त प्रधान के पद पर नियुक्त किया जाता है। आवेदिका को आदेश दिया जाता है कि वे कबुलियत दाखिल करें तत्पश्चात् पट्टा निर्गत किया जायेगा।

आदेश की प्रति अंचल अधिकारी, तालझारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजें।

लेखापित एवं संशोधित

(हस्ताक्षर) 22/6/18
अनुमंडल पदाधिकारी,
राजमहल

(हस्ताक्षर) 22/6/18
अनुमंडल पदाधिकारी
राजमहल

ज्ञापांक 198/रा0 23-06-18

होपनमय हेम्ब्रम

5.7.18 आवेदिका उपस्थापित। नव नियुक्त प्रधान के द्वारा कबुलियत दाखिल किया गया है। पट्टा निर्गत करें।

(हस्ताक्षर) 5/7/18
अनुमंडल पदाधिकारी
राजमहल।

Scanned with CamScanner